श्री बंशीधर नगर, सोमवार
14.10.2024
अश्विन शुक्लपक्ष द्वादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 52

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 05:45 बजे
अस्त - 05:48 बजे

तापमान
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

रातभर बना रहा तनाव, प्रशासन बना रहा मुकदर्शक >> पेज 03 बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड में मातम >> पेज 04

### सुविचार

कौन कहता है कि ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है जब कोई नजर नहीं आता!

### न्यूज अपडेट्स

#### हेमंत आज मुंबई में झारखंड भवन की रखेंगे नींव

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बनने वाले झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री मुंबई में निर्माण होने वाले झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस तरह देश की राजधानी दिल्ली के बाद मुंबई में भी झारखंड का दूसरा झारखंड भवन होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुंबई में नया झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे वो मुंबई में सेक्टर 30ए, वाशी, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में बनेगा। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस शिलान्यास समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थिति रहेंगे।

#### झामुमो व भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होंगी। इसमें भी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

**तनाव** मदगड़ी में दुर्गा पूजा विसर्जन को ले तनाव, पुलिस व ग्रामीणों में विवाद, झड़प

# आंसू गैस के गोले दागे, पथराव में डीएसपी घायल, लाठीचार्ज

बंशीधर न्यूज






**भंडरिया :** गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिये लाठीचार्ज करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान भारी पथराव हुआ, जिसमें रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी और वे घायल हो गये। स्थिति को नियंत्रित करने के लिये पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ आंसु गैस छोड़ने की भी सुचना है। जिससे ग्रामीण भी घायल हो गये हैं। ग्रामीणों ने फिलहाल पुलिस के कई वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक भारी संख्या में ग्रामीण दुर्गा पूजा पंडाल में जमे हुये हैं। जो विवादित मार्ग से प्रतिमा विसर्जन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन उन्हें बृजेश्वर साहू के घर से होते हुये तालाब तक जाने की अनुमति नहीं देता, तब तक वे प्रतिमा का विसर्जन नहीं करेंगे।

## क्यों हुआ विवाद

दरअसल भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में पिछले कुछ वर्षों से दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे जिस तालाब में प्रतिमा का विसर्जन करना चाहते हैं। उस तक जाने वाला रास्ता बृजेश्वर साहू के घर से होकर जाता है। हालांकि इस मार्ग में तीन मकान दूसरे समुदाय के लोगों के हैं, जो प्रतिमा विसर्जन के लिये रास्ता देने से इनकार करते हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिये इस वर्ष शांति समिति की बैठक में एक समझौता हुआ था लेकिन कुछ दिन बाद एक पक्ष ने इस समझौते को मानने से इनकार कर दिया, जिसके कारण दुर्गा पूजा के दौरान ही तनावपूर्ण माहौल बन गया। कल जब प्रतिमा विसर्जन की बात सामने आई, तो ग्रामीण विवादित स्थल से ही प्रतिमा विसर्जन की मांग करने लगे लेकिन प्रशासन ने इस मार्ग से विसर्जन की अनुमति नहीं दी। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रतिमा विसर्जन से इनकार कर दिया और आज बड़ी संख्या में ग्रामीण आसपास के इलाके से जुट गये। इसी दौरान एसडीपीओ जब दोपहर 3:45 बजे पूजा पंडाल पहुंचे, तो ग्रामीणों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उग्र भीड़ ने पथराव भी किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की, जिससे एक ग्रामीण घायल हो गया। एसपी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, और मामले की पूरी जानकारी जल्द दी जायेगी।

# चतरा सांसद कालीचरण बीमार



**चतरा।** सांसद कालीचरण सिंह की रविवार को तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कालीचरण सिंह कान्हाचट्टी प्रखंड के चिरीदीरी पंचायत में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रहने के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि उन्हें अत्यधिक थकान और पर्याप्त आराम न मिलने के कारण स्वास्थ्य में गिरावट का सामना करना पड़ा है। चिकित्सकों का कहना है कि सांसद की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है लेकिन उन्हें आराम की सख्त आवश्यकता है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इधर देर शाम उन्हें बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। सभी समर्थक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# हत्या के बाद गांव में तनाव की स्थिति, नाराज लोगों ने बीडीओ व थानेदार को बनाया बंधक

बंशीधर न्यूज



**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव के सिकंदर भुइयां की हत्या रविवार को हत्या हो गई है। बताया जा रहा है कि गांव में एक धार्मिक स्थल की भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक सिकंदर के दोनों आंख फोड़ दिया गया। साथ हीं उसके शरीर पर जले का निशान है। वह रविवार की सुबह घर से बाहर निकाला था। जब घर नहीं लौटा तो उसके घर के परिजन उसे खोजबीन करने लगे। इस दौरान गांव के ही कब्रिस्तान के किनारे में उसका शव मिला। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे बीडीओ और थाना प्रभारी को गांव के नाराज ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। उन्हें गांव वालों ने एक कमरे में बंद कर दिया। फिर बाद में डीएसपी और एसडीएम समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं। जहां आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुटे हैं। गांव में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था कर दी गई है।

राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी ले रहा करवट

# राज्य में 15 अक्टूबर को होगी बारिश

बंशीधर न्यूज



**रांची।** राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी करवट ले रहा है। राज्य में मौसम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र ने 15 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। इसके साथ 16 से 18 अक्तूबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। पिछले 25 घंटे में सरायकेला-खरसांवा, गुमला के बिशुनपुर में बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों से दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून की विदाई हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है जबकि 14 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान भी साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से और असम व मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से भी मॉनसून वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से, असम और मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से भी मॉनसून की वापसी हो चुकी है। वहीं, 14 अक्टूबर के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

# भीषण सड़क दुर्घटना, एक की मौत, पांच लोग घायल




**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाही मोड़ के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर रविवार को यात्री बस, ऑटो और कार की टक्कर में कार चला रहे सफदर अंसारी (40) की मौत हो गई जबकि परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में अनिक अंसारी, ज्यान गजनफर, आहिया अंसारी, इबाद अंसारी हैं। सभी रांची नामकुम के रहने वाले हैं। टेंपो पर सवार लातेहार निवासी अमित कुमार भी घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक छोटू अंसारी परिवार के साथ बेतला पार्क घूमने गए थे। रविवार को सभी लोग वापस लौट रहे थे। गाड़ी उनका भाई चल रहा था। इसी दौरान करमाही मोड़ के पास सामने से आ रहे यात्री बस से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी। साथ ही पीछे से आ रहा ऑटो भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने सफदर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इनमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।

# तालाब में नहाने गये युवक की डूबने से मौत, घंटों तलाश के बाद मिली लाश




बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** विशुनपुरा में स्थित श्रीविष्णु मंदिर के निकट तालाब में नहाने गए रंजन चंद्रवंशी उर्फ बॉबी नामक युवक के लापता होने की खबर है। प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति में स्थानीय तैराकों ने घंटों तलाश के बाद लाश को निकाला। जानकारी के अनुसार सीताराम चंद्रवंशी के पुत्र रंजन तालाब में नहाने गया था। उसके डूब जाने की खबर मिलने पर तालाब पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि रंजन तालाब में नहाने गया था लेकिन बाहर नहीं निकला है। स्थानीय तैराक द्वारा लगभग 8 घंटे से अधिक कड़ी मशक्कत के बाद मध्यरात्रि लगभग साढ़े बारह बजे लाश को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया।एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने वहां पहुंचते ही घटना की जानकारी जिले में वरीय अधिकारियों को दी।जिले के गोताखोरों से मदद मांगी। इसकी सूचना एनडीआरएफ टीम पलामू को भी दी। घटनास्थल पर लाईट का व्यवस्था करायी। स्थानीय तैराक बलराम पासवान, गोरख चन्द्रवंशी, सचिन गुप्ता ने भी तीन चार घंटे तक काफी मेहनत की लेकिन लाश नहीं मिला। दीपक प्रताप देव की पहल पर देर शाम घटनास्थल पर पहुंचे जिले के ही गोताखोरों ने लगभग साढ़े बारह बजे लाश को ढूंढ निकाला। घटनास्थल पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी, दीपक प्रताप देव, ताहिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, कृपाल सिंह, विशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, पिपरी मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### करंट से मौत

**सगमा :** धुरकी थाना क्षेत्र के सेंधा गांव में खेत किनारे अवैध बिजली तार में फंसकर अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रमना थाना के बहियार कला निवासी नाजिम रसूल अपने बेटी के घर एक सप्ताह पूर्व आया था। वह सुबह शौच के लिये खेत की तरफ गया था। घर लौटने के क्रम में सेंधा गांव निवासी इमामुदीन अंसारी के द्वारा अपने खेत की सुरक्षा के लिये अवैध रूप से बिजली का तार लकड़ी के खुटा के सहारे पूरे धान खेत में लगाया था। इसी बिजली के तार में उलझ गया जिसकी मृत्यु घटनास्थल पर हो गई। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर धुरकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में धुरकी थाना के एसआई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध रूप से लगाये गये बिजली तार के कारण उक्त व्यक्ति की जान चली गई है इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### हवन व कन्या पूजन के साथ नवरात्र संपन्न

**सगमा :** प्रखंड में शारदीय नवरात्र वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं कन्या पूजन के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन जगत-जननी मां दुर्गा के नौ रूपो की उपासना की गई। फिर श्रद्धालुओं ने मंदिरों एवं पूजा पंडालों में हवन किया। इसके उपरान्त कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा अंग वस्त्र आदि दान किया गया। बताते चलें कि प्रखंड के सभी पंचायतों में शुक्रवार को देवी मंदिर तथा पूजा पंडालों में दर्शन पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ टूट पड़ी। पुजारी सतीश पाण्डेय एवं इलाहाबाद से आये सूरज शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा पंडाल गूंजते रहा। शारदीय नवरात्र में जगह-जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की धूम मची रही। श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन तक चलता रहा।

## सियासत ' विद्वेष फैलाने वाली राजनीति को मैं लात मारूंगा : मिथिलेश

# कमर कस लें कार्यकर्ता

### मंत्री आवास पर कार्यकर्ता सम्मेलन सह दशहरा मिलन

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि समाज को बांटने वाली ताकतों का पूरजोर विरोध करें। हमारे कार्यकर्ता आज से कमर कसकर अपने-अपने बूथ पर लग जायें तो सभी विरोधियों की जमानत जब्त हो जायेगी। इस बार विधानसभा चुनाव में 50 हजार मतों से जीताकर पुनः रिकार्ड बनायें। मंत्री श्री ठाकुर रविवार को अपने आवास पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन सह दशहरा मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता इतने सशक्त हैं कि वे एक तो क्या पांच विधानसभा में भी एक साथ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाभी जनता के हाथ में होती है। जनता अपने हक, अधिकार प्राप्त करने, क्षेत्र के विकास के लिये जनप्रतिनिधि चुनती है। परंतु जनप्रतिनिधि बनते ही लोग पूरी तरह से जनता को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भाई को भाई से लड़ाने का प्रयास किया गया। इसकी जितनी भी निंदा की जाय वह कम है। मुठ्ठी भर चंद लोग समाज को तार-तार करना चाहते हैं। वे लोग बाबा साहब के संविधान के साथ भी छेड़छाड़ करना चाहते हैं। ऐसे लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का कोई अधिकार नहीं है। जो लोग समाज को तोड़ना चाहते हैं उन्हें अपने पास नहीं भटकने दें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि समाज को बांटने एवं विद्वेश फैलाने वाली राजनीति को मैं लात मारूंगा। मैं सौ बार हारना पसंद करूंगा लेकिन ऐसी घृणित राजनीति कभी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज में एकता एवं अखंडता बनाये रखने का संकल्प लेना होगा। पूर्व में जिन्हें मौका मिला उन्होंने काम नहीं किया। अब जनता को बरगला कर भ्रमित कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आज से ही कमर कसकर लग जायें। आगामी विस चुनाव में 50 हजार से जीत दिलाकर विरोधियों को ऐसा तमाचा मारें कि वे उन्हें दोबारा चुनाव में जाने में शर्म आये। इस दौरान मंत्री ने कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित कराने का गुर बताया। साथ ही सभी कार्यकताओं को संकल्प भी दिलाया। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा की पूरी तरह से तस्वीर बदल दी है। ऐसा विकास कार्य करने की क्षमता किसी अन्य जनप्रतिनिधि में नहीं है। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, राजकिशोर यादव, शरीफ अंसारी, नारद तिवारी, रामसागर यादव, दीपमाला, परेश तिवारी, फरीद खान, विकास कुशवाहा, लल्लू राम, संतोष केशरी, आशिष गुप्ता, तुलसी सिंह खरवार, अरविंद यादव आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशिष अग्रवाल, जितेंद्र सिन्हा, सलीम जाफर, संजय सिन्हा, चंदा देवी, वंदना जायसवाल, फुजैल अहमद, नसीम अख्तर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मना दशहरा, पूजा पंडालों में उमड़ी भारी भीड़

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** असत्य पर सत्य एवं बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा शनिवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर के जय भामाशाह क्लब, चेचरिया में नव युवक क्लब, श्री बंशीधर मंदिर के बगल में फ्रेंड्स रॉक ग्रुप, ट्रॉमा सेंटर के बगल में दुर्गा पूजा समिति समेत विभिन्न समितियों के द्वारा पूजा पंडालों में मां की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चनाकर मनवांछित फल की कामना की गई। दशमी को विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गे के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं का देर रात तक तांता लगा रहा। पुलिस प्रशासन की ओर से सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने पूजा पंडालों में पहुंच कर माता रानी का दर्शन कर लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दी। उधर आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। गाजे बाजे के साथ रविवार की शाम में श्रद्धालुओं ने विसर्जन जुलूस निकाला। इस दौरान श्रद्धालु नाचते गाते मां दुर्गे की जयकारे लगाते चल रहे थे। विभिन्न नदियों एवं तालाबों में माता रानी की प्रतिमा विसर्जित की गई। प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सभी चौक चौराहों एवं जुलूस के लिये पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक लगातार क्षेत्र भ्रमण कर शांतिपूर्ण तरीके से मूर्ति विसर्जन कराने में लगे हुये थे। वहीं एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये हुये थे।

## जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिये गढ़वा की टीम रवाना



**गढ़वा :** रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रामगढ़ के रजरप्पा में झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 14 से 15 अक्टूबर तक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये गढ़वा के अंडर 14, 16, 18, 20 के 15 सदस्यीय टीम को चोपन रांची एक्सप्रेस से रामगढ़ के लिये रवाना किया गया। संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनां देते हुये बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये उच्च विद्यालय मेराल से सजनती कुमारी, रंजन कुमार यादव, अमित कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरबे से अंजनी कुमारी, जेएसएसपीएस से अर्पण कुजूर, सुरभि कच्छप, गोविंद उच्च विद्यालय गढ़वा से मनीष कुमार, अमित कुमार और विवेक कुमार ठाकुर, साई सेंटर हजारीबाग से आकाश मेहता, उच्च विद्यालय खरौंधा से प्रिंस कुमार शर्मा, सोनभद्र इंटर कॉलेज कांडी से अनुज कुमार गुप्ता, नामधारी कॉलेज गढ़वा से एस मयंक राज, उत्कर्मित उच्च विधि कल्याणपुर से अमित कुमार और सचिन कुमार का चयन किया गया है। टीम के कोच सह मैनेजर के रूप में कंचन कुमार को नामित किया गया है। शुभकामनाएं देने वालों में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, एथलेटिक्स संघ के सहसचिव सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, कौशलेश तिवारी, शमशाद अहमद, शंकर पाल, विकाश पांडेय, राजेश पांडेय आदि का नाम शामिल है।

## नवयुवक क्लब की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित



**श्री बंशीधर नगर :** नवयुवक क्लब की ओर से शनिवार को दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन कर रावण का पुतला दहन किया गया। गोसाईबाग के मैदान में आयोजित दुर्गा पुजा महोत्सव में रावण का भारी-भरकम पुतले का निर्माण कर उसे दहन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नपं की उपाध्यक्ष लता देवी, झामुमो के युवा नेता व भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप प्रताप, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मन्नु बाबा भी शामिल हुये। क्लब की ओर से पूर्व विधायक को पुतला दहन करने के लिये पारंपरिक तीर कमान सौंपा। इसके बाद पूर्व विधायक ने तीर मारकर रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान पूरा मैदान जय श्री राम के जयकारे से गुंज उठा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा की विजयादशमी के दिन ही भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त किया था। इसलिये इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है।यह अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक माना जाता है। पूर्व विधायक ने कहा कि अगले वर्ष और भी भव्य तरीके से रावण दहन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। दीपक प्रताप देव ने कहा की अधर्मी रावण का दहन कर भगवान राम ने अच्छाई, सत्य व धर्म का साथ दिया था। नवयुवक क्लब के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम को पुरी सफलता के साथ संपन्न किया गया। उन्होंने लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। मौके पर पूर्व जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष सिध्देश्वर लाल अग्रवाल, तस्लीम खान, अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ भाई जी, उपाध्यक्ष रणधीश कुमार, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, संरक्षक अजय कुमार, विनय कुमार, कमलेश मेहता, वीरेंद्र कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का हुआ श्रीगणेश



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर एक के सिंगरा स्थित अमानत नदी तट किनारे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ अग्नि प्रज्वलन व हवन अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। यज्ञ में फेरी व प्रवचन को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। इससे पूर्व श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकली। यज्ञ स्थल से शुरू कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुये पुन: सिंगरा अमानत नदी तट पर पहुंचा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में ददन सिंह सपत्नीक शामिल हुये। बिहार बक्सर से पधारे यज्ञाचार्य पंडित विजय राघव पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु कलश में जल भर कर यज्ञमंडप पहुंचे, जहां यज्ञाचार्य ने विधिवत पूजा अर्चना कराया।

## जिनेवा में गूंजेगी पलामू की आवाज

# आईपीयू के अधिवेशन में हिस्सा लेने सांसद वीडी राम रवाना

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 149 वें अधिवेशन में भाग लेने के लिये स्विट्जरलैंड के जिनेवा गये हैं। वहां वे 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित अधिवेशन में हिस्सा लेंगे। इसकी जानकारी देते हुये सांसद श्री राम ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के नेतृत्व में स्वीटजरलैंड के जिनेवा में आईपीयू के 149 वें अधिवेशन में भाग लेने के लिये भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा, राजीव शुक्ला, ममता मोहंता एवं डॉ सस्मिता पात्रा एवं लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चुके हैं। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिये तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिये कार्य करना है। आईपीयू के लगभग 160 देशों के संसद सदस्य हैं, जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है, जो सामान विचारधाराओं द्वारा अभी प्रेरित है। आईपीयू की मीटिंग वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित की जाती है, जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है। पलामू संसदीय क्षेत्र के लिये गर्व और हर्ष की बात है कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 18 वीं लोकसभा के लिये निर्वाचित सांसद विष्णु दयाल राम को पुनः पलामू एवं गढ़वा का नाम विदेशों में रौशन करने के लिये नामित किया है। इसके पूर्व में भी सांसद विष्णु दयाल राम ने आईपीयू के 142 वें, 143 वें 144 वें, 145 वें 146 वें एवं 147 वें अधिवेशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये उन्हें नामित किया गया था। श्री राम ने बताया कि वर्ष 2021 अप्रैल माह में कोविड-19 के कारण 142 वें अधिवेशन में वर्चुअल मीटिंग हुई थी जिसमें वर्चुअली रूप से भाग लिया था। नवंबर 2021 में स्पेन में 143 वें अधिवेशन, इंडोनेशिया में 144 वें अधिवेशन, रवांडा अफ्रीका में 145 वें अधिवेशन, मनामा बहरीन में 146 वें अधिवेशन एवं लुआंडा में 147 वें अधिवेशन के लिए भी नामित किया गया था, जिसमें वे भाग ले चुके हैं। यह अवसर प्रदान करने के लिये सांसद श्री राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार प्रकट किया है।

# गढ़देवी मंदिर में मां दुर्गा की विदाई अनोखी : मिथिलेश



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** गढ़वा में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। दशमी एवं एकादशी को सभी प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में शामिल हुये। सभी श्रद्धालुओं के साथ मंत्री ने भी कंधा लगाकर मां को विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन एवं माता रानी के दर्शन के लिये काफी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ पड़ी। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का सबसे पहले किया जाता है। साथ ही इस स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किसी वाहन पर नहीं बल्कि श्रद्धालु अपने कंधे पर ले जाकर करते हैं। इस विसर्जन के दौरान पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन बहुत ही अनोखा है। माता रानी की प्रतिमा की ऐसी विदाई झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश की अनोखी विदाई है। जिसमें हजारों श्रद्धालु कंधे पर मां को ले जाते हैं। उन्होंने मां दुर्गा से अपने राज्य की खुशहाली व अमन चैन की प्रार्थना की। यह परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है। सभी श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। मूर्ति विसर्जन के दौरान जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले भर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। सभी प्रशासनिक पदाधिकारी विधि व्यवस्था पर नजर बनाये हुये थे। कई स्थानों पर रविवार को भी मूर्ति विसर्जन किया गया। डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाये हुये थे। विसर्जन को लेकर पुलिस-प्रशासन की ओर से विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित प्रतिमा विसर्जन के साथ-साथ अन्य जगहों पर स्थापित की गई प्रतिमाओं के विसर्जन में सभी पदाधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी बृज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### भवनाथपुर में नाली निर्माण का शिलान्यास

**भवनाथपुर :** सिंदुरिया पंचायत के पुनर्वास टोला में विशुनदेव कोरवा के घर से रामकिशन बैठा के घर करीब दो सौ मीटर तक नाली निर्माण का शिलान्यास ग्रामीण नृपती साह तथा प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया से डिहवार तक बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास निर्मला देवी ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से डिहवार बाबा तक ग्रेड टू के बाद 18 वर्षो तक सड़क नहीं होने के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। पंचायत निधि मद से पीसीसी पथ बनाये जाने से यहां के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुनर्वास में पानी निकासी का साधन नहीं होने से बरसाती पानी सड़क पर जमा होने से जलजमाव हो जाता था। अब यहां भी नाली बन जाने से पानी निकासी पूरी तरह से होगी। मौके पर अध्यक्ष निर्मला देवी, सचिव हेमंती देवी, मुकेश शर्मा, जितेंद्र पासवान, आनंद पासवान, दिलीप पासवान, सालधनी साह, सुजीत पासवान, हितन साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विसर्जन जुलूस में हथियार के साथ पकड़ाया युवक

**पाटन :** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पंचकेड़िया में शनिवार की शाम मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पुलिस ने एक युवक को एक लोडेड देशी कट्टा व दो खोखा के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कोलहुआ टोला भीतियाही निवासी संतु कुमार महतो (32) पिता मुनेश्वर महतो है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी की कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-इ)ए/26 नावाजयपुर थाना कांड संख्या 38/24 के तहत गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## विवाद ▶ मां की भावपूर्ण पूजा में एक विशेष समुदाय बना रोड़ा

# जुलूस का पत्थरों से किया स्वागत

### रातभर बना रहा तनाव, प्रशासन बना रहा मुकदर्शक

**बंशीधर न्यूज**





**गढ़वा :** जिला मुख्यालय से महज 10 किमी की दूरी पर स्थित सदर थाना के लखना गांव में एक विशेष समुदाय के लोगों ने दशहरा के दिन दुर्गा मां की मूर्ति घुमाने से रोक दिया एवं पत्थरबाजी कर रक्तरंजित माहौल बना दिया। विशेष समुदाय के लोगों ने सरकारी रास्ता को चौकी, ट्रैक्टर की टाली एवं अन्य कई चीजों से ब्लॉक कर दिया था। इससे आहत पूजा समिति के लोगों ने वही मूर्ति रख कर बैठ गये और इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही एसडीओ संजय पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, बीडीओ एवं सीओ पुलिस बल के साथ पहुंच गये। मामला को शांत कराने की कोशिश की गई, लेकिन विशेष समुदाय के लोग अड़े रहे। विशेष समुदाय का कहना था कि किसी भी स्थिति में मूर्ति नहीं जाने देंगे। इस दौरान प्रशासन लाचार एवं विवश दिखी। धीरे धीरे यह मामला अगल बगल के गांवों में आग की तरह फैल गई। लोगों का हुजूम बढ़ता गया। गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने लगी। मामला बढ़ता देख एसडीओ और एसडीपीओ ने अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की। बावजूद इसके मामला जस का तस बना रहा।

### पत्थरबाजी ने बिगाड़ा माहौल

बढ़ते भीड़ को देखते हुये विशेष समुदाय के लोगों ने अपने घर के छत से पत्थर चलना शुरू कर दिया। दूसरे तरफ के लोगों ने भी इसका प्रतिउत्तर दिया। पत्थरबाजी की इस घटना में तीन लोग घायल भी हो गये। प्रशासन तुरन्त घायलों को अस्पताल भेजवाया।

### घटनास्थल पर 6 घण्टे बाद पहुंचे डीसी एवं एसपी

मामले की गंभीरता को देखते हुये डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय रात 10 बजे के आस पास लखना गांव पहुंचे। इनके पहुंचते ही लोगों में उत्साह जाग गया और समाधान की उम्मीदें जग गई। लोगों को लगा मूर्ति अपनी गंतब्य तक पहुंच जायेगी, लेकिन वरीय पदाधिकारी की बात भी विशेष समुदाय के लोग नहीं माने। दोनों तरफ के लोगों के साथ वार्ता हुई। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

### मंत्री के इशारे पर हो रहा सारा खेल : सत्येन्द्र नाथ

मामले की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी अपने कुछ समर्थकों के साथ लखना गांव पहुंचे। मामले की जानकारी डीसी एवं ग्रामीणों से ली। मौके पर उन्होंने कहा कि मंत्री के इशारे पर पूरा खेल हो रहा है। प्रशासन दबाव में काम कर रही है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण माता की मूर्ति का विसर्जन अभी तक नहीं हुआ है। अगर प्रशासन ठीक से काम करती तो मूर्ति अपने गणतव्य तक चली गयी होती। उन्होंने कहा कि मूर्ति उसी रोड से जायेगी। रोड किसी की निजी नहीं है इस पर सभी का बराबर हक है।

### रात 2 बजे समझौते के बाद मूर्ति वापस

डीसी, एसपी एवं पूर्व विधायक की मौजूदगी में दोनों तरफ से 5-5 लोगों को बुलाकर समझौता कराया गया। पूजा समिति के लोग प्रशासन की बात शुरू से ही मानने को तैयार थे, लेकिन विशेष समुदाय के लोग अड़े हुये थे। प्रशासन ने लिखित रूप से कहा कि मूर्ति यही से वापस हो जायेगी तथा मुस्लिम अपने त्योहार में हिंदुओं की मुहल्ला में तजिया या झंडा लेकर नहीं जाएंगे। दोनों पक्ष इस बात पर राजी हो गये। अंततोगत्वा 3:30 बजे सुबह पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### ये थे मौजूद

गढ़वा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य, रंका पंचायत के मुखिया, करुआ पंचायत के मुखिया नारद तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी, करुआ पंचायत के बीडीसी धनंजय तिवारी, तिलदाग पंचायत के पूर्व मुखिया पति अरुण दुबे, भाजपा गोववाल मंडल अध्यक्ष परिक्षित तिवारी, सोनू सिंह, आशीष दुबे, पंकज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जनसंपर्क यात्रा के अंतर्गत कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के अंतर्गत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के आवासीय परिसर में कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा नेता मुनेश्वर सिंह, संतोष चौधरी, इरफान अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ो युवक पूर्व मंत्री के परिवर्तन अभियान में शामिल हुये। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। आज कोई भी काम करने के लिये कमीशन देना पड़ता है। चाहे आवास हो, कुआं हो, पेंशन हो या कोई और भी सरकारी योजना हो सभी में घूस देना पड़ रहा है। जिसके कारण जनता को बहुत ही कठिनाईयों की सामना करना पड़ रहा है। पूर्व के विधायक सह वर्तमान के विधायक ने पिछले 15 सालों में विधानसभा को खोखला बना दिया। पूर्व के विधायक ने अपने कार्यकाल में अलकतरा चुराने और झूठा चेक स्लीप बांटने का काम किया। अंत में पूर्व मंत्री ने कहा कि आप सभी नौजवान साथियों का स्वागत है। आपका ताकत ही हमारी ताकत हैं। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, बाबुल सिंह, उमेश पाल, रविंद्र सिंह, रंजन चौबे, हाजी मोइन, शाहीद आलम, गुड्डू खान, मुकेश राम, मंसुर अंसारी, संतोष चौधरी, मुनेश्वर चौधरी, गुलाम, ताजीम अंसारी, अखिलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भंडारा से समाज में जाता है समानता और भाईचारा का संदेश : डॉ कुलदेव

**गढ़वा :** दुर्गा पूजा के अवसर पर बोकेया गांव में कन्या पूजन के साथ भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने सभी कन्याओं का पूजन कर अपने हाथों से महाप्रसाद वितरण किया। मौके पर डॉ चौधरी ने कहा कि भंडारे का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। यह एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें लोग सामूहिक रूप से भोजनरूपी प्रसाद ग्रहण करते हैं। भंडारे में भोजन करने वाले सभी लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार अन्न दान करते हैं और इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार अन्न दान को महादान माना गया है। इसलिये भंडारे के माध्यम से लोग गरीब और जरूरतमंदों को भोजन कराते हैं, जिससे शरीर और आत्मा दोनों को संतुष्टि मिलती है। मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के डालटनगंज विधानसभा प्रत्याशी अनिकेत मेहता, महर्षि वेदव्यास परिषद गढ़वा के जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि शिवलाल चौधरी, पूजा समिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, सचिव संतोष चौधरी, कोषाध्यक्ष भरदुल चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, मुनी चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।


## सनातन धर्म सभा ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को किया सम्मानित

# विधायक ने कहा-सनातन धर्म हमें नहीं सिखाता भेदभाव करना

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** सनातन धर्म सभा की ओर से विश्रामपुर आरसीटी परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय, संरक्षक मुनेंद्र नाथ दुबे व चंदन दुबे के द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व मंत्री व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को पगड़ी सहित इटखोरी मां भद्रकाली की चुनरी, मोमेंटो व तलवार भेंट कर सम्मानित किया। सनातन धर्म के प्रति समर्पण, समर्थन, सहयोग सहित धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले को सनातन धर्म सभा की ओर से लक्ष्य बनाकर सम्मानित किया जा रहा है। मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन धर्म ही हिंदू धर्म है। जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म का पालन एक कठिन तपस्या है, जिसके मार्ग पर चलकर व्यक्ति केवल स्वयं के बारे में नहीं बल्कि विश्व कल्याण के बारे में सोचता व उसी के अनुसार आचरण करता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म छोटा-बड़ा व ऊंच-नीच का भेद-भाव को नहीं सिखाता। लेकिन आज समाज तोड़ने वाले लोग इसे अलग रूप देकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया गया है, जहां सभी जाति धर्म के लोग शिक्षा ग्रहण करते हैं। किसी भी तरह का भेदभाव उनके साथ नहीं होता। समाज के लोगों को सनातन धर्म से जोड़ने के लिये अविस्मरणीय कार्य किये जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक शबरी मंदिर का निर्माण कराया गया। जहां शबरी समाज के लोग श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजन कार्यक्रम कर सनातन धर्म और समाज से जुड़े रहे। यह भी बताया कि लोगों के आग्रह पर कई मंदिरों का निर्माण सहित मरम्मती का कार्य कराया जा रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म के प्रति आस्था को बनाये रखना है। साथ ही ऐसे कार्यों में आगे भी बढ़ चढ़कर सहयोग करने की बातें कही। सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने बताया कि सभा का एक मात्र उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताना है, जो हिंदूओं का एक मात्र धर्म है। सभा धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व सामाजिक कार्यों में महती भूमिका निभा रहे लोगों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम कर रहा है। इसकी शुरूआत नवरात्र पहली तिथि को चतरा इटखोरी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ की गई है। बताया कि पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 लोगों को सम्मानित किया जायेगा। यह क्रम आगे भी बना रहेगा। वहीं विश्रामपुर के पत्रकारों को सम्मानित किया गया।



## बाबा सिद्दीकी ने सुलझाया था सलमान और शाहरुख के बीच सालों पुराना विवाद

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी ने अपनी एक इफ्तार पार्टी में बॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स के बीच की दुश्मनी खत्म करवाई थी। सलमान खान और शाहरुख खान ने कई सालों तक एक-दूसरे से बात नहीं की थी लेकिन, बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में उनकी सारी नोकझोंक खत्म हो गई। 2008 में कैटरीना कैफ की बर्थडे पार्टी में सलमान खान और शाहरुख खान के बीच तीखी झड़प हो गई थी। इसके बाद दोनों ने पांच साल तक एक-दूसरे से बात नहीं की। इतना ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे के बारे में बात करने से भी बचें। उन्होंने 2013 में एक इवेंट में इन दोनों स्टार्स को एक साथ लाया था। 2013 में बाबा सिद्दीकी ने अपने घर पर इफ्तार पार्टी रखी थी। इस पार्टी के लिए सलमान खान और शाहरुख खान को इनवाइट किया गया था। इस इफ्तार पार्टी में दोनों ने शिरकत की। यहीं पर दोनों ने सालों की नाराजगी खत्म कर दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर अपनी बहस और मतभेद खत्म कर लिए थे। सलमान और शाहरुख के बीच विवाद को सुलझाने में बाबा सिद्दीकी ने अहम भूमिका निभाई थी। बाबा सिद्दीकी के निधन की खबर आते ही उनकी उस इफ्तार पार्टी की तस्वीरें एक बार फिर वायरल हो रही हैं। इसमें बाबा सिद्दीकी सलमान खान और शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड पर छाया मातम



महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात हत्या के बाद मनोरंजन जगत में शोक का माहौल है। उनकी हत्या के बाद बॉलीवुड के लोगों ने भी शोक व्यक्त किया है। उनकी हत्या की खबर सामने आते ही कई सेलिब्रिटीज को रात में ही लीलावती अस्पताल पहुंच गए थे।

'बिग बॉस' के 18वें सीजन को शनिवार रात होस्ट कर रहे सलमान खान को बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या किये जाने की खबर लगी तो भाईजान ने तुरंत शूटिंग रोक दी और अपने परिवार से मिलने के लिए लीलावती अस्पताल की ओर निकल पड़े। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बारे में जानने के बाद संजय दत्त सबसे पहले लीलावती अस्पताल पहुंचे। इसके बाद अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी भी पहुंची। उनके साथ उनके पति राज कुंद्रा भी मौजूद थे। अस्पताल से बाहर आने के बाद शिल्पा शेट्टी काफी इमोशनल हो गईं और वायरल वीडियो में उनके आंसू छलक पड़े। प्रिया दत्त, वीर पहाड़िया, सोनाक्षी सिन्हा के पति जहीर इकबाल, जहीर के पिता इकबाल रतनसी सभी शनिवार आधी रात को लीलावती अस्पताल पहुंचे। कुछ सेलिब्रिटीज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इस चौंकाने वाली घटना पर शोक व्यक्त किया।



**टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर अपने हेयर स्टाइल को लेकर सुर्खियों में है। धोनी का नया लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

# थुलथुली मुठभेड़ में 35 नक्सलियों के मारे जाने व 12 के घायल होने की पुष्टि

### रविवार को प्रेस नोट जारी कर दी जानकारी, आई जी बोले-नक्सली नेताओं के आरोप मनगढ़ंत

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सरहद पर बीती चार अक्टूबर को हुई थुलथुली मुठभेड़ में कुल 35 नक्सली मारे गए थे और कई नक्सली घायल हुए थे। इसकी जानकारी रविवार को नक्सल नेताओं ने दी। उन्होंने इस घटना की निंदा की है। नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी ने आज को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सरहद पर चार अक्टूबर को हुई थुलथुली मुठभेड़ में कुल 35 नक्सली मारे गए हैं, वहीं 12 नक्सली घायल हुए हैं। जारी प्रेस वक्तव्य में 13 नक्सलियों के नाम उजागर किये हैं, बाकी के नामों का उल्लेख नहीं किया गया है। इनमें से 31 नक्सलियों के शवों को पुलिस ने बरामद कर लिया था, जबकि चार शव नक्सली अपने साथ लेकर चले गए थे। जिनका उन्होंने अबूझमाड़ के जंगल में अंतिम संस्कार कर दिया था। इस मुठभेड़ में कुछ और नक्सली मारे जाने का खुलासा सूत्रों के माध्यम से किया जाता रहा है, जिसकी पुष्टि अब नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी के द्वारा जारी प्रेस नोट में की गई है। इसमें बताया गया है कि 4 अक्टूबर की सुबह जवानों ने नक्सलियों को घेर लिया, जब उन्हें इस बात का पता



चला तो वे भागने लगे थे। सुबह 6 बजे से 11 बजे के बीच अलग-अलग जगह पर मुठभेड़ हुई थी। जब एक इलाके से घिरे तो दूसरी तरफ भागकर अपने को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वहां से भी घिर गए थे। नक्सल नेताओं का कहना है कि सुबह 6 बजे से लेकर रात 11 बजे तक रुक-रुककर गोलीबारी होती रही, जिसमें रात तक 14 साथी मारे गए थे। जिनके शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। नक्सलियों का आरोप है कि रात में 17 साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया था, जिन्हें सुबह मार डाला। अन्य चार का शव वे साथ लेकर चले गए थे, जिनका अंतिम संस्कार अबूझमाड़ के जंगल में कर दिया था। इस बाबत बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी के जारी प्रेस नोट में कुल 35 नक्सलियों के मारे जाने और 12 नक्सलियों के घायल होने एवं 17 साथियों को पुलिस ने पकड़ मारने के प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमने अपने प्रेस कांफ्रेस में पहले ही कहा था कि और भी अधिक नक्सली थुलथुली मुठभेड़ में 4 अक्टूबर को मारे गए हैं, जिसे आज नक्सलियों ने स्वीकार कर लिया है। 17 नक्सलियों को पकड़कर मारे जाने की बात पर बस्तर आईजी ने कहा कि नक्सलियों के बड़े लीडरों सहित पूरी टीम का सफाया हो जाने से नक्सली दिशाहीन हो गये हैं, जिसके कारण वे उन्हें इस बात को स्वीकार करने में एक सप्ताह से ऊपर का समय लग गया, अब नक्सली नेता कहानी बनाकर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं।

## मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस ट्रेन में कोई यात्री नहीं था और यह कारशेड की ओर जा रही थी, इसलिए इस हादसे में कोई



हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब 12.10 बजे एक लोकल ट्रेन प्लेटफार्म एक से कारशेड की ओर जा रही थी। लोकल के पीछे के दो डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। इससे रेलवे डिब्बों के साथ रेलवे पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। टीम का मरम्मत कार्य जारी है। इस घटना से प्लेटफार्म एक से जाने वाली लोकल सेवा प्रभावित हुई है। पश्चिमी रेलवे के अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं और यथाशीघ्र सामान्य रेल परिचालन बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रुड़की- लक्सर रेल लाइन पर मिला गैस सिलेंडर

**हरिद्वार।** रुड़की-लक्सर रेलवे ट्रैक पर एक गैस सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि सिलेंडर खाली था। घटना कल सुबह की है। लेकिन अधिकारियों ने यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक की। धुचड़ी रेलवे स्टेशन के निकट ढंडेरा में लक्सर-रुड़की रेलवे ट्रैक पर एक खाली तीन किलोग्राम का गैस सिलेंडर पड़ा मिला। घटना के बाद आरपीएफ, जीआरपी व सुरक्षा बल तुरंत हरकत में आ गए। ट्रैक पर गैस सिलेंडर होने की जानकारी सबसे पहले एक मालगाड़ी चालक ने रेलवे सुरक्षा बल को दी।

**Hit लिस्ट**

## राहुल गांधी 19 को रांची में!

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वे यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो



सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

## बॉयलर ब्लास्ट, पिता की मौत, बेटा गंभीर

**सरायकेला।** जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की ताला इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में शनिवार रात बॉयलर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में मृतक का बेटा गंभीर



रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान भाटिया बस्ती निवासी मदन प्रसाद के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम शुभम प्रसाद है। बताया जाता है कि हादसे के समय पिता-पुत्र वहीं काम कर रहे थे। मदन प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं शुभम प्रसाद गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। आदित्यपुर थाना थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन टीम को बुला कर आग को बुझाया गया।

### उज्जैन : 18 अक्तूबर से प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा

# भगवान महाकाल आधा घंटा देरी से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा। पं. महेश पुजारी ने रविवार को बताया कि महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या बदलती है। वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के



मौसम अनुसार चल रही है। भगवान ठंडे जल से स्नान कर रहे हैं, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मंदिर में सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन से भगवान महाकाल ठंडे के बजाय गर्म जल से स्नान करना प्रारंभ करते हैं। साथ ही आरती का समय भी बदलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन सुबह सात बजे दद्योदक अर्थात बालभोग आरती हो रही है। इस आरती में भगवान को दही-चावल का भोग लगाया जाता है। आगामी 18 अक्टूबर से यह आरती सुबह 7:30 बजे से होगी। इसी प्रकार वर्तमान में सुबह 10 बजे भोग आरती हो रही है। इसमें भगवान को दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान का नैवेद्य लगाया जाता है। यानी भगवान सुबह 10 बजे भोजन कर रहे हैं। वहीं, 18 अक्टूबर से भोग आरती सुबह 10:30 बजे होगी। इसका आशय यह है, सर्दी में भगवान आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। वर्तमान में संध्या आरती शाम सात बजे की जा रही है, लेकिन 18 अक्टूबर से संध्या आरती प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से होगी, क्योंकि सर्दियों में सूर्यास्त जल्दी होने लगता है। इसके अलावा, प्रतिदिन तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती तथा रात 10:30 बजे होने वाली शयन आरती अपने इसी निर्धारित समय पर होगी। शाम पांच बजे होने वाली संध्या पूजन का समय भी वहीं रहेगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)